15/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी।

श्रोता हमारे टोल फ्री नम्बर 1800-11-7800 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। आप अपने सुझाव **नरेंद्र मोदी ऐप** या **माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिये भी साझा कर सकते हैं। इस कड़ी के लिए सुझाव इस महीने की 27 तारीख तक भेजे जा सकते हैं।

0000000000000

सरकार ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को कल लोकसभा में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केन्द्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को

लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने की अवधारणा को लागू करने के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक को स्वीकृति दी थी। प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का प्रावधान करने से संबंधित होगा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति ने देश में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश की थी।

0000000000000000000000

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए केंद्र और राज्य के सभी सरकारी विभागों के प्रयासों में एकरूपता की अपील की है। आज नई दिल्ली में, विज्ञान मंत्रालयों के सचिवों की बैठक में उन्होंने कहा कि नवाचार और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में राज्य वैज्ञानिक परिषदों की भूमिका महत्वपूर्ण है। डॉ सिंह ने कहा कि राज्यों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए।

0000000000000000000000

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में, 10वां विश्व आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो संपन्न हो गया। इसमें रिकॉर्ड 12 हजार प्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम में, 54 देशों के तीन सौ प्रतिनिधियों की भागीदारी रही जिन्होंने आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा में रुचि दिखाई। पिछले वर्ष यह कार्यक्रम गोवा में आयोजित हुआ था।

00000000000000000000

एकता और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा देने की एक ऐतिहासिक पहल में, भारतीय सेना की स्पीयर कोर ने कल लिकाबली सैन्य स्टेशन

से ऑपरेशन सद्भावना के तहत एक धार्मिक और तीर्थ यात्रा को हरी झंडी दिखाई। 20 तीर्थयात्रियों वाली इस यात्रा का उद्‌घाटन 3 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस पेंढारकर ने किया। तूतिंग से तवांग तक फैली इस यात्रा का उद्देश्य अरुणाचल प्रदेश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करना, साथ ही विभिन्न समुदायों के बीच सांप्रदायिक बंधन को मजबूत करना है। पूर्वी कमान के स्पीयर कोर द्‌वारा आयोजित यह पहल सेना के सद्भाव को बढ़ावा देने और दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानीय आबादी के साथ संपर्क बढ़ाने के समर्पण को दर्शाती है।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने कल नामसाई में आयोजित ताई आइडल सीजन 5 के ग्रैंड फिनाले को संबोधित करते हुए ताई खामती समुदाय द्‌वारा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने में किए गए महत्वपूर्ण कदमों पर जोर दिया। उन्होंने ताई खामती हेरिटेज एंड लिटरेचर सोसाइटी के प्रयासों की सराहना की ।

उपमुख्यमंत्री ने युवा प्रतिभाओं को बनाए रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने माता-पिता और समाज से बड़े पैमाने पर उन पहलों का समर्थन करने का आग्रह किया जो बच्चों को सशक्त बनाती हैं, जिससे वे अपनी रचनात्मक आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होते हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ऊर्जा विकास एजेंसी के तेजू डिवीजन ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्‌युत मंत्रालय, के सहयोग से कल लोहित जिले के तेजू में स्कूली छात्रों के लिए साइकिल रेस प्रतियोगिता आयोजित करके

राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान, एजेंसी के उप निदेशक इंजीनियर सोरंग ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और छात्रों से अपने दैनिक जीवन में ऊर्जा-कुशल उपकरण और पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसाइटी ने शनिवार सुबह मॉडल विलेज के सेंट अल्फोंसा स्कूल में तीन छात्रो की दुखद मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। कल एक प्रेस बयान में सोसाइटी ने कहा, 'एक मातृ संगठन के रूप में, अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसाइटी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और घायल छात्रों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करती है।' इस बीच, सोसाइटी ने इस बात पर भी जोर दिया है कि हमारे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना स्कूल अधिकारियों और सरकारी एजेंसियों दोनों की जिम्मेदारी है और ऐसी घटना को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करने और गहन जांच करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया है।

0000000000000000000000